**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने किया पर्यटन स्थलों का भ्रमण

## जोधपुर के नैसर्गिक सौन्दर्य का दिग्दर्शन कर हुए अभिभूत

जयपुर/जोधपुर, 9 फरवरी । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार शाम जोधपुर के विभिन्न पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। प्राचीन विरासतों एवं नैसर्गिक सौन्दर्य का दिग्दर्शन कर वे अभिभूत हुए।

राज्यपाल ने बालसमन्द झील, मण्डोर गार्डन एवं मेहरानगढ़ फोर्ट का अवलोकन किया इस दौरान राजभवन के अधिकारियों के साथ ही प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी भी साथ थे।

---000---